**Title: Need to provide more railway facilities at Fariha Railway Station in Azamgarh district, U.P.**

**डॉ.बलिराम (लालगंज) :** अध्यक्ष महोदय, पूर्वांचल में आजमगढ़ जिला विकास की रफ्तार में आज तक पिछड़ा रह गया क्योंकि वहां बड़ी रेल लाइन नहीं थी। 1991 से 1993 तक बड़ी रेल लाइन के लिए संघर्ा हुआ तब बड़ी रेल लाइन बिछाई गई, मेल ट्रेनें चलने लगी। परन्तु फरिहा रेलवे स्टेशन पर मेल एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव नहीं हुआ । स्थानीय जनता पुनः आन्दोलन की राह पर है। 12 फरवरी, 2001 को जिलाधिकारी कार्यालय पर स्थानीय जनता ने धरना देकर सरकार, रेल मंत्रालय से माग की किः-

1. फरिहा रेलवे स्टेशन पर सभी मेल, एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव किया जाये।
2. आजमगढ़ से मुम्बई, कलकत्ता और दिल्ली के लिए कानपुर, अलीगढ़ होकर ट्रेन चलाई जाये।
3. उत्सर्ग एक्सप्रेस नं. 5107 अप को छपरा से सायं 5 बजे तथा 5108 डाउन को लखनऊ से रात्रि 9 बजे से चलायी जाये।
4. ट्रेन नं. 574 को शाहगंज से प्रातः 8 बजे चलायी जाये।
5. ट्रेन नं. 578 डाउन को शाहगंज से प्रातः 3 बजे से और ट्रेन नं. 573 अप को मऊ से सायं 4 बजे चलायी जाये।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जनहित में उपरोक्त मांगों पर तत्काल कार्यवाई कराने का कट करें।